दीनदयाल उपाध्याय के समाज और राजनीति में दिए योगदान को याद किया

■ सांसद सेवा केन्द्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

बीकानेर,(कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाडे के तहत केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की प्रेरणा से सांसद सेवा केन्द्र बीकानेर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के निजी सहायक विक्रम सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जनसंघ संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती वर्ष पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के आव्हान पर सम्पूर्ण भारत में कार्यकर्ताओं की ओर से प्रत्येक बूथ पर आज श्रद्धासुमन अर्पित किये जा रहे हैं। इसके तहत सेवा कार्यों का आयोजन भी अलग-अलग जगहों पर किया जा रहा है।

विक्रम राजपुरोहित ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितम्बर 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98 वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की गई थी जिसका मतलब समाज में आर्थिक कमजोर वर्ग लोगों के उत्थान को समर्पित है। आज के दिन का उद्देश्य भारत के गरीब और पिछडे लोगों के विकास की ओर ध्यान लाना है। इसके साथ ही आज के दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा समाज और राजनीति में दिये गये योगदान के लिये भी याद किया जाता है। आज के कार्यक्रम में विक्रम राजपुरोहित के साथ जेठमल मेघवाल, राज कडेला, प्रकाशचन्द मेघवाल, भवानी शंकर, राजा उपाध्याय, मनोज जल, ताराचन्द जनागल, रवि प्रकाश चांवरिया, महेश सोलंकी के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर विप्र फाउंडेशन बीकानेर द्वारा प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में सामाजिक समरसता की अवधारणा के साथ प्रत्येक नागरिक का प्रत्येक डॉक्यूमेंट कम्पलीट हो। डिजिटल बीकानेर अभियान का आयोजन आज सब्जी मंडी पीछे स्थित वार्ड नम्बर 1 के सरस्वती विधा निकेतन में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 300 से अधिक नागरिकों ने भागीदारी की। विफा शहर जिलाध्यक्ष नारायण पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत पुलिस अधिकारी भागचन्द सर्वटा, भाजपा नेता मोतीलाल हर्ष, पार्षद सुधा आचार्य, पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन बोबरवाल, सामाजिक कार्यकर्ता राजू माली, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष यशोदा पारीक सहित प्रमुख ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर अभियान का शुभारंभ किया।

बीकानेर के सांसद सेवा केन्द्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाईयों ने श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर भाजपा नेता मोतीलाल हर्ष ने कहा कि अपना सम्पूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में न्योछावर कर देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसी महान विभूति थे। जिन्होंने अपने कार्यों एवं विचारों के माध्यम से समाज को देश के लिए रचनात्मक काम करने की प्रेरणा दी। पंडित उपाध्याय ने भारत को श्रेष्ठ भारत बनाने की विचारधारा के साथ अंतिम छोर पर खड़े हर व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया था।

इस अवसर पर ऐसे लोकल्याणकारी शिविर का आयोजन सकारात्मक संदेश देता है। विफा मजदूर प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट रामस्वरूप हर्ष, प्रदेश महामंत्री जगदीश शर्मा ने बताया कि शिविर में आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मजदूर डायरी, चिरंजीव योजना, बैंक खाता सहित आवश्यक दस्तावेजों के लिए 300 लोगों ने आवेदन किए।

अपहृत बच्चा झाड़ियों में मिला

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के श्रीकरणपुर में दस साल के बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया। हालांकि अभी इस संबंध में पुलिस में कोई केस दर्ज नहीं हुआ है लेकिन दोपहर में बच्चे के गायब होने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शाम को बच्चा गांव उन्पीस ओ के पास झाड़ियों में मिला।

इस संबंध में देर शाम तक कोई केस दर्ज नहीं होने से अब भी अपहरण के कारणों अथवा अपहरण करने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। श्रीकरणपुर के गुरुसर में रहने वाले टीचर गुरमीत सिंह का दस साल का बेटा रिजक सिंह कस्बे के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता है।

वह शनिवार को पढ़ने के लिए स्कूल गया। लौटते समय उसे स्कूल वैन ने घर के आगे छोड़ा इसी दौरान दो लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। उन्होंने उसे पीछे की तरफ से पकड़ा और कार में पीछे की सीट पर बैठा लिया।

आरोपी उसे लेकर कुछ दूर निकले इसी दौरान वे सड़क किनारे रूके तो बच्चा उनके चंगुल से भाग छूटा। बच्चे रिजक सिंह ने बताया कि उसे दो लोगों ने घर के बाहर से अपहरण कर लिया। ये लोग उसे कार के पीछे की सीट पर बैठाकर कस्बे से बाहर निकल गए।

इन लोगों ने उसे पूरी तरह दबा लिया। उन्नीस ओ की पुलिया के पास आरोपी कार से निकलकर बाहर खड़े हो गए। इसी दौरान रिजक सिंह को मौका मिला और वह भाग छूटा।

मच्छर जनित बीमारियों को रोकें : कलेक्टर

■ टीमें घर-घर बुखार के रोगियों का सर्वे व एंटीलार्वल गतिविधियां कर रिपोर्ट तैयार करेंगी

श्रीगंगानगर, (कासं)। इन दिनों मलेरिया व डेंगू रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी के चलते सभी विभागों को आपसी समन्वय के जरिए मौसम व मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के साझा प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर रूकमणि रियार सिहाग ने दिए हैं।

राज्य सरकार ने विगत वर्षों के आंकड़ों के आधार पर आशंका व्यक्त की है कि सितम्बर आखिर व अक्टूबर माह में डेंगू केसेज में ज्यादा बढ़ोतरी होती है। लिहाजा इस अवधि के दौरान मच्छर रोधी गतिविधियां जरूरी है। यही वजह है कि आज से शुरू होने वाला हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी अभियान 21 अक्टूबर तक चलेगा।

सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता ने बताया कि अभियान को लेकर विभाग ने अपने स्तर पर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली है। हालांकि विभाग पिछले लम्बे अर्से से लगातार गतिविधियां कर रहा है लेकिन अभियान के दौरान और अधिक सघनता के साथ आशा व एएनएम सर्वे करेंगी और एलएचवी व पीएचएन सुपरवाइजर होंगे।

टीमें घर-घर बुखार के रोगियों का सर्वे व एंटीलार्वल गतिविधियां कर रिपोर्ट तैयार करेंगी और बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिकाएं बनाएंगी। जिला कलेक्टर के निर्देशों की पालना में संबंधित एरिया के स्थानीय निकाय नालियों की नियमित सफाई, नालियों व गंदे पानी के स्रोतों में एमएलओ डालने, फोगिंग करने, सडक़ पर बने गड्ढ़ों को भरने, घर के बाहर रखी टंकी व अन्य पानी के स्रोतों को साफ करवाने, जिन घरों में मच्छर के लार्वा पाए जाएं वहां चालान कार्रवाई करने, मुख्य जन निकायों की सफाई, यहां उगने वाली वनस्पतियों की सफाई व कटाई व प्रचार-प्रसार गतिविधियां करेंगे।

नागरिक सुरक्षा विभाग छत पर रखी पानी की टंकियों की सफाई करवाने व खुली टंकियों को ढकने के निर्देश देंगे। ईएसआई व रेलवे अस्पताल डेंगू की जांच कर प्रतिदिन रिपोर्ट सीएमएचओ व निदेशालय में भेजेंगे। अपने कैम्पस व संबंधित इलाके में सोर्स रिडक्शन व एंटीलार्वल गतिविधि करेंगे। पशुपालन विभाग स्क्रब टायफस नियंत्रण व बचाव के लिए आवश्यक गतिविधियां करेंगे। आयुर्वेद विभाग सर्वे व सुपरविजन गतिविधियों में सहयोग देंगे। पंचायती राज विभाग डीडीटी स्प्रे संचालन के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता व ग्रामीण क्षेत्रों में फोगिंग करवायेंगे।कॉलोनियों व मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट एवं कन्सट्रक्शन साइट पर नियमित एंटीलार्वल व अन्य गतिविधियां करवाएंगे।

आंगनबाड़ी की तरह घरों पर भी पोषण वाटिका बनाने की सलाह दी

■ पौष्टिक व्यंजनों और फल-सब्जियों का प्रदर्शन किया

■ कार्यकर्ताओं को निरंतर कार्य करते रहने की हिदायत दी

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले की आंगनबाड़ी पाठशाला अमरपुरा थेड़ी बी पर रविवार को व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रंगोली बनाकर अलग-अलग प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों और फल-सब्जियों आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी की तरह घरों पर भी पोषण वाटिका बनाने की सलाह दी गई।

ग्राम पंचायत अमरपुरा थेड़ी की सभी आंगनबाड़ी पाठशालाओं की कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग एवं कलेक्टर नथमल डिडेल द्वारा निर्देशित पोषण माह अभियान 2022 के तहत स्थानीय सामग्री से बनाये गए पोषण व्यंजनों का प्रदर्शन कर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस व्यंजन प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली बनाकर अलग-अलग प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों और फल सब्जियों आदि का प्रदर्शन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी में बनाई गई पोषण वाटिका में लगी सब्जियों और फलों का भी प्रदर्शन किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रानी जिनागल ने बताया कि इस व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और ग्राम वासियों को समझाया गया कि गांव की जो गर्भवती महिलाएं धात्री महिलाएं एवं और जो कुपोषित बच्चे हैं उनको ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज, हरी सब्जियां, पौष्टिक व्यंजन और फलों आदि का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए। इनमें उच्च स्वास्थ्य में बढ़ोतरी हो और हमारा हनुमानगढ़ कुपोषण से बच सके।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आनंद कंवर ने ग्राम वासियों और उपस्थित महिलाओं को बताया कि जैसे कि आंगनबाड़ी में पोषण वाटिका बनाई गई है। उसी प्रकार सभी अपने घरों में छोटी-छोटी पोषण वाटिका बनाएं और पौष्टिक और जहर मुक्त हरी सब्जियां और फल उगाकर उन्हें अपने जीवन काल में उपयोग करें। जिससे कि आप सभी परिवार वालों का स्वास्थ्य अच्छा और पोषित रहेगा और खून की कमी भी नहीं रहेगी और हमारे बच्चे भी सुपोषित होंगे।

इस मौके पर उपस्थित वार्ड पंच पाल सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्य की सराहना करते हुए कहां की आपका यह कदम हमारे ग्रामवासियों और हनुमानगढ़ वासियों को उच्च स्तर के पोषण के लिए प्रेरित करेगा और हमारा हनुमानगढ़ कुपोषण मुक्त होगा। वार्ड पंच रितु कंबोज ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे ग्राम पंचायत की तीनों आंगनबाडी का कार्य सराहनीय रहता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इसी प्रकार से निरंतर कार्य करते रहने की हिदायत दी।

महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर

श्रीगंगानगर, (कासं)। ग्राम पंचायत गुरुसर मोडिया सूरतगढ़ में एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर में पशु विज्ञान केन्द्र सूरतगढ़ के प्रभारी अधिकारी डॉ. राजकुमार बेरवाल ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन वैज्ञानिक तरीके से करने के बारे में विस्तार से बताया। इस समय पशुओं में फैली लम्पी स्किन डिजीज के बचाव व उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉक्टर बेरवाल ने बताया ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के लिए बकरी पालन का व्यवसाय उत्तम है। बकरी पालन वैज्ञानिक विधि से करना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके। बेरवाल ने पशुओं को संतुलित आहार बनाने का फार्मूला बताया तथा पशुओं को कृमिनाशक दवा हर 3 माह में देने के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में कृषि पर्यवेक्षक पुष्पा ढाका एवं सहायक कृषि अधिकारी सुनील यादव ने कृषि के बारे में महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी। शिविर में लगभग 50 कृषक महिलाओं ने भाग लिया। अंत में डॉ. बेरवाल ने महिलाओं से प्रशिक्षण में बताए हुए विषय में से प्रश्नोत्तर किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही महिलाओं को पारितोषिक दिया।

अचानक पुल का हिस्सा गिरा, सात घायल

■ रामपुरा बस्ती एरिया में बन रहा था पुल

बीकानेर,(कासं)। रामपुरा बस्ती एरिया में बन रहा एक पुल रविवार दोपहर अचानक गिर गया। पुल के आसपास काम कर रहे सात लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया है। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बीकानेर के लालगढ़ रेलवे स्टेशन से निकलने वाली गाड़ियों के कारण बाधित हो रहे रास्ते को सुचारू करने के लिए पुल बन रहा है। पिछले चार साल से बहुत ही सुस्त चाल से ये पुल बन रहा है। रविवार दोपहर पुल का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ लगा लोहा-सरिया और सपोर्ट में लगाये गए पाइप भी गिर गए। मलबा काफी एरिया में फैलने के कारण आसपास से निकल रहे और वहीं पर काम कर रहे सात लोग घायल हो गए। घायलों को ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया है। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि शेष छह को सामान्य चोट आई है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद नयाशहर पुलिस मौके पर पहुंची है। घायलों में सूरज विश्वकर्मा, सत्यजीत, राजकुमार, प्रहलाद, सुरेन्द्र, प्रकाश, कमलेश, जेती देवी घायल हैं। ये सभी यहां काम कर रहे थे और सभी गोरखपुर के रहने वाले हैं।

ये पुल आरएसआरडीसी की ओर से बन रहा है। इस काम के लिए रेणु इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पास वर्क ऑर्डर है। पुल में दो तरफ का ट्राफिक डायवर्ट होना है। फिलहाल रेलवे ट्रेक होने के कारण भारी वाहनों को काफी घूमकर आना पड़ता है। आरएसआरडीसी बहुत सुस्त गति से यहां काम करवा रहा है। पुल का अधिकांश हिस्सा बन चुका है, लेकिन अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा। जो हिस्सा गिरा है, वहां पुल की सड़क का काम अभी बाकी है। इसे ही बनाते समय हादसा हुआ है। नयाशहर थानाधिकारी ने बताया कि शटरिंग सहित कुछ हिस्सा गिरने से वहां काम कर रही लेबर को चोट आई है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

सार-समाचार

तबादला नीति बनाने की मांग

अनूपगढ़,(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा अनूपगढ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अनूपगढ़ सीबीईओ को डीडीओ की शक्तियां देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि ऐसा नहीं होने से बिना पीडी मद में आने वाले शिक्षकों का वेतन नहीं बन पा रहा है। जिससे शिक्षकों को चक्कर काटने पड़ते हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पवन स्वामी ने कहा कि सीबीईओ को डीडीओ की शक्तियां देने से बड़ी संख्या में शिक्षकों को राहत मिलेगी और उनका वेतन समय पर बन सकेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को तबादलों को लेकर भी पारदर्शी नीति बनानी चाहिए। उसी के तहत तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले किए जाएं। प्रचार मंत्री बीरबल राम ने कहा कि आरजीएचएस योजना के तहत सरकार हर माह कर्मचारियों के वेतन से बड़ी कटौती करती है। जिसे बंद करना चाहिए। उपाध्यक्ष गुरबचन सिंह ने कहा कि प्रबोधकों के साथ- साथ 2007-08 में लगे शिक्षकों की वेतन विसंगतियां आज तक दूर नहीं की गई हैं। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ज्ञापन में शिक्षकों को बीएलओ के कार्य से भी मुक्त करने की मांग की गई। राज्य सरकार द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन की तारीख अचानक बदलने पर भी शिक्षकों ने रोष जताया। उन्होंने कहा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम में बदलाव करना सरासर गलत है। इसके लिए सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों से आव्हान किया कि 27 और 28 सितम्बर को होने वाले शैक्षिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। इस मौके राजेंद्र सोखल, मंत्री हनुमान मीणा, सभा अध्यक्ष राजाराम स्वामी, गुरबचन सिंह, अवतार सिंह, हरदेव सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

रक्तदान शिविर 9 अक्टूबर को

अनूपगढ़,(कासं)। अनूपगढ़ में विशाल रक्तदान शिविर के लिए रविवार को निरंकारी सत्संग भवन में निरंकारी मिशन की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता निरंकारी मिशन के स्थानीय प्रमुख निरंजन सिंह की। प्रवक्ता रविंद्र कामरा ने बताया कि बैठक में निणन्य लिया गया है कि अनूपगढ़ में 9 अक्टूबर को निरंकारी मिशन की सतगुरु सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में श्री गंगानगर की मेडिकल टीम अपनी सेवाएं देगी। इस दौरान सभी सेवादारों की अलग-अलग ड्यूटी लगाई गई है और अनूपगढ़, घड़साना, रावला, 365 श्री विजयनगर, रामसिंहपुर सहित अन्य स्थानों के निरंकारी मिशन से जुड़े लोगों से अपील की गई कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। निरंकारी मिशन के विपिन बजाज ने बताया कि 9 अक्टूबर को विशाल रक्तदान शिविर निरंकारी भवन में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बैठक में स्थानीय प्रमुख निरंजन सिंह, प्रेस प्रवक्ता रविंद्र कामरा, सेवादार अरविंद यादव, विपिन बजाज, राधा कृष्ण,एकता कामरा,अंजू यादव सहित सेवादार मौजूद थे।

कमलोत्सव का आयोजन

बीकानेर,(कासं)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष , एकात्म मानववाद के प्रणेता, राष्ट्र भक्त, श्रेष्ठ विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की रविवार को 106वीं जन्म जयंती के अवसर पर शहर भाजपा द्वारा आयोजित किए जा रहे कमलोत्सव के अंतर्गत भाजपा रानी बाजार मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष नृसिंह सेवग के नेतृत्व में बीकानेर पूर्व विधानसभा के बूथ संख्या 131 पर कार्यक्रम आयोजित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस कार्यक्रम में पंडितजी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ ही पांच बूथ अध्यक्षों और बूथ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

उपासरे में भक्तामर पूजन व अभिषेक

बीकानेर,(कासं)। रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में साध्वीश्री मृगावती, सुरप्रिया व नित्योदया के सानिध्य में चल रहे श्री भक्तामर पूजन व अभिषेक विधान में रविवार को भक्तामर स्तोत्र की 27 व 28 वीं गाथा के अनुसार भगवान आदि व यंत्र का पूजन व अभिषेक किया गया।

पूजा व प्रभावना का श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष, भीखमचंद, धीरज कुमार,अशोक कुमार, रौनक कुमार बरड़िया परिवार ने लिया। रक्ष-रक्ष जिनेश्वर, आदिनाथ परेश्वर, वंदन हो गिरिराज ने, म्हारा प्यारा आदिनाथ ने.. के साथ नवंकार महामंत्र के जाप के साथ सवा घंटे चले अभिषेक व पूजन में साध्वीश्री मृगावती ने गाथाओं का विवेचन किया। उन्होंने कहा कि भक्ति का संगीत आत्मा को परमात्मा बनाने की प्रक्रिया है।

निष्काम व अनन्य भक्ति से सराबोर भक्त संसार के सभी सुख व वैभव होने के बाद भी परमात्मा भक्ति को नहीं छोड़ता। भक्ति से आत्मा पर पड़ा गुणों का पर्दा उठता है तथा काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार आदि कषाय दूर होते है। भक्ति की पराकाष्ठा आत्मा को परमात्मा बनाने में है। ज्ञान वाटिका की बालिकाओं ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

कैरम व शतरंज प्रतियोगिता

बीकानेर,(कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस समारोह पर वरिष्ठ नागरिक समिति बीकानेर द्वारा विविध खेलों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर समिति सदस्यों के बीच कैरम तथा शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रेम अग्रवाल ने बतलाया कि कैरम एकल प्रतियोगिता में चरणदास विजेता तथा लालचन्द लोहनीवाल उप विजेता रहे हैं। कैरम डबल में चरणदास तथा आर. के. व्यास विजेता तथा डॉ. मोहम्मद फारूख और सुशील माथुर उपविजेता रहे। शतरंज में डॉ. मधुसूदन व्यास विजेता तथा एस.पी. गुप्त उपविजेता रहे।

शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स को स्थगित करने की मांग

■ प्रशिक्षण तिथियों में परिवर्तन करने की मांग

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने आरएससीईआरटी उदयपुर द्वारा जिला शैक्षिक अधिवेशन तिथियों के बीच में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण इंडक्शन कोर्स को स्थगित करवाने की मांग को लेकर उदयपुर में उपाध्यक्ष अभयसिंह, निदेशालय बीकानेर में प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य के नेतृत्व में शिष्टमंडल मिला एवं आने वाली समस्या से अवगत करवाया।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा व महामंत्री महेन्द्र लखारा ने शिक्षामंत्री को पत्र भेजकर तत्काल तिथियों में परिवर्तन करने की मांग की। प्रदेश सयुक्त मंत्री सुरेश व्यास ने बताया कि अधिकारियों को दिये ज्ञापन में अवगत करवाया कि वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान द्वारा आगामी 27 व 28 सितम्बर को जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन हेतु संशोधित तिथियां निर्धारित की गई है। उक्त दिवसों में आरएससीईआरटी उदयपुर द्वारा समस्त संभाग मुख्यालय पर उक्त दिवसों में ही नवनियुक्त शिक्षक प्रशिक्षण इंडक्शन कोर्स का आयोजन होने की जानकारी मिल रही है। जिस कारण से शिक्षक उक्त प्रशिक्षण में अथवा अधिवेशन में उपस्थित हो इसको लेकर असमंजसता की स्थिति में आ गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि पूर्व मे 27 व 28 सितम्बर में जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन नही होने के कारण आरएससीईआरटी उदयपुर द्वारा उक्त प्रशिक्षण शिविरों हेतु पंचाग जारी किया गया था।

किसी भी रचनाकार की पहचान उसकी कृति से होती है : राजेश व्यास

■ दीपक कुमार शर्मा की दो कृतियों का लोकार्पण

बीकानेर,(कासं)। इंजीनियर दीपक कुमार शर्मा की दो कृतियों 'सुनहरे पंख' और 'मृगतृष्णा' का लोकार्पण रविवार को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के उपाध्यक्ष व राजस्थानी के वरिष्ठ कवि-आलोचक डॉ.अर्जुनदेव चारण ने किया।

गायत्री प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इन कृतियों के लोकार्पण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कला-समीक्षक राजेश कुमार व्यास व मधुमती के संपादक डॉ. ब्रजरतन जोशी थे। अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी व साहित्यकार मधु आचार्य ने की। डॉ.अर्जुनदेव चारण ने कहा कि रचनाकार अपने समय को जीते हुए जो महसूस करता है, उसे रचकर अमर कर देता है। इसी को सृजन का सुख कहते हैं। उन्होंने कहा कि दीपक कुमार शर्मा के पास हिंदी, पंजाबी और राजस्थानी भाषा के संस्कार उनके कहन को सघन बनाते हैं।

कला-समीक्षक राजेश कुमार व्यास ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी रचनाकार की पहचान उसकी कृति से होती है। दीपक कुमार शर्मा की पहचान भी उनकी रचनाओं से होगी। गंभीरता पूर्वक किया जाने वाला सतत लेखन ही श्रेष्ठ सृजन की ओर ले जाता है। 'मधुमती' के संपादक डॉ. ब्रजरतन जोशी ने इस अवसर पर हिंदी उपन्यास और कहानियों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीकानेर की जमीन पर उगे इस नए उपन्यास का हिन्दी जगत में स्वागत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी, पत्रकार व साहित्यकार मधु आचार्य ने कहा कि दोनों कृतियों से निकलते हुए मैं यह कह सकता हूं कि शर्मा ने कृतियों में न सिर्फ अपने अनुभव को रचा है बल्कि पाठकों के लिए बहुत कुछ नया दिया है। जिससे पाठक न सिर्फ अपनी स्मृतियों मे जाएगा बल्कि कई बार चौंकेगा भी।

दीपक शर्मा की दो कृतियों का लोकार्पण राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के उपाध्यक्ष वरिष्ठ कवि आलोचक डॉ. अर्जुन देव चारण ने किया।

इससे पहले पत्रवाचन करते हुए दीपक कुमार शर्मा के उपन्यास 'सुनहरे पंख' पर उपन्यासकार सीमा भाटी ने कहा कि सुनहरे पंख से निकलते हुए यह कह सकती हूं कि यह उपन्याय एक ऐसी हकीकत बयानी है। जिसे लिखने से पहले लेखक ने खुद किरदारों को कई-कई बार जिया होगा। कहानी संग्रह 'मृगतृष्णा' पर पत्रवाचन करते हुए कहानीकार ऋतु शर्मा ने कहा कि विसंगतियों से उपजी इन कहानियों में बदलती जीवनशैली केंद्र में है, जिसकी वजह से लोक जीवन-मूल्य भूलते जा रहे हैं।

शिविर में करीब 600 रोगियों का उपचार किया

बीकानेर,(कासं)। प्रीति क्लब व माहेश्वरी सदन के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय नि:शुल्क एक्यूप्रेशर एवं योग चिकित्सा शिविर का समापन रविवार को जस्सूसर गेट के बाहर कोठारी अस्पताल मार्ग के माहेश्वरी सदन में कोलकाता मूल के जसवंतगढ़ निवासी डॉ.ललित सोमानी के सम्मान के साथ संपन्न हुआ।

शिविर के समापन पर रोगियों ने अपने अनुभव सुनाएं तथा शिविर को बहुत उपयोगी व सार्थक बताया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. नृसिंह बिनानी ने कहा कि भारतीय धर्म व संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिना : सर्वे भवन्तु निरामाया' अर्थोत सबके स्वस्थ व सुखी रहने की कामना करता है। शिविर में बिना किसी जाति, समुदाय के भेद के निष्काम सेवा भावना के साथ करीब 600 रोगियों की चिकित्सा कर आयोजक संस्था व चिकित्सक ने पुण्यार्थ कार्य किया है। कई बीमारियां ऐसी है जिनका इलाज एलोपैथिक दवाईयों से संभव नहीं है। योग, एक्यूप्रेशर, रैकी आदि चिकित्सा पद्धतियों से बिना किसी साइड इफेक्ट के इलाज किया जा सकता है। हमें प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग करते हुए इलाज की सुविधा लेनी चाहिए तथा योग व प्राणायाम के माध्यम से तन व मन को स्वस्थ रखने के प्रयास करने चाहिए। शिविर में रेकी चिकित्सा की सेवाएं देने वाले सुख देव राठी, प्रीति क्लब के अध्यक्ष नारायण दम्माणी, कांग्रेसी नेता नित्यानंद पारीक तथा बोलने की तकलीफ में कुछ ठीक हुए राजेश कुमार मीणा, रतन लाल बोहरा ने अपने अनुभव सुनाएं तथा

चिकित्सा शिविर के समापन पर डॉ.ललित सोमानी का सम्मान किया।